# कार्यालय–प्राचार्य,शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय
## सहसपुर लोहारा जिला–कबीरधाम (छ0ग0)

क्रमांक / 144 / जनभागीदारी / 2023 सहसपुर लोहारा दिनांक 24/8/23

## जनभागीदारी शिक्षक हेतु विज्ञापन.

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, जिला–कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अध्यापन व्यवस्था हेतु जनभागीदारी समिति निधि से निर्धारित मानदेय(15000/–प्रतिमाह) पर अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र दिनांक 01.09.2023 को सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार अपने समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति एवं बायोडाटा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक से निर्धारित समयावधि में भेजकर जमा कर सकते हैं। विलंब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्रमांक | विषय/पाठ्यक्रम | पद संख्या | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | इतिहास | 01 | न्यूनतम अर्हता में 55% संबंधित विषय में स्नातकोत्तर के अतिरिक्त अर्हता (नेट/सेट/पी.एच.डी./एम.फिल) |

**टीपः– यह व्यवस्था निम्नालिखित शर्तो के अधीन होगी।**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता–संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री (55%) अथवा समकक्ष योग्यता।
2. चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर एवं यू.जी.सी./उच्च–शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप की जाएगी।
3. यह व्यवस्था सत्र 2023–24 के लिए आवश्यकतानुसार ही होगी।
4. चयनित उम्मीदवार के अनुपस्थिति अवधि का वेतन नियमानुसार काटा जायेगा।
5. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस व न्यायालय में कोई अपराधी प्रकरण लंबित न हो तथा उम्मीदवार शासकीय/अर्ध शासकीय सेवक में न हो। इस आशय का शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय संबंधित को प्रस्तुत करना होगा।
6. प्राचार्य के विशेषाधिकार से पदों की संख्या में कमी/वृद्धि/निरस्त किया जा सकेगा।
7. यह सेवा पूर्णतः अस्थायी एवं अंशकालीन है। लोक सेवा आयोग की नियुक्ति/स्थानांतरण/शासन के आगामी आदेश/कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने पर/जनभागीदारी समिति के निर्णय/आवश्यकता न होने पर आपकी सेवा बिना पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा समाप्त की जा सकेगी।
8. जनभागीदारी शिक्षकों की सेवायें भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं होगा और न ही वे अधिमानक बर्ताव के हकदार होंगें।
9. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा सौंपे गये महाविद्यालय के अन्य कार्य भी पूर्ण करने होंगें।
10. शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिदिन उपस्थित होना होगा।

**नोटः– आवेदन पत्र के लिफाफे के उपरी भाग पर ''जनभागीदारी शिक्षक हेतु आवेदन पत्र'' के साथ विषय का नाम लिखना अनिवार्य है।**

PRINCIPAL
Government College
Sahaspur Lohara
Distt.-Kabirdham (C.G.)

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा,
जिला–कबीरधाम(छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 145 / जनभागीदारी / 2023 सहसपुर लोहारा दिनांक 24/8/23

प्रतिलिपिः–

1. कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नया रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर जिला–कबीरधाम को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
4. जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय को अपने सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु
5. अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति को सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
6. सूचना पटल।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा,
जिला–कबीरधाम(छ.ग.)

PRINCIPAL
Government College
Sahaspur Lohara
Distt.-Kabirdham (C.G.)